मूल्य 1 रु.
वर्षः 11 - अंक : 207, मुंबई, मंगलवार, 5 अक्टूबर, 2021 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




# आर्यन खान को नहीं मिली जमानत

## सात अक्टूबर तक एनसीबी की हिरासत में ही रहेंगे

### ड्रग पेडलर के संपर्क में था आर्यन, शाहरुख खान और गौरी दोनों को थी बेटे के ड्रग्स लेने की जानकारी!

संवाददाता

**मुंबई।** ड्रग्स मामले में गिरफ्तार शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को 7 अक्टूबर तक एनसीबी की कस्टडी में रहना होगा। सोमवार को मुंबई की किला कोर्ट में सुनवाई के दौरान एनसीबी ने 11 अक्टूबर तक रिमांड मांगी थी। हालांकि कोर्ट ने आर्यन और उसके साथ गिरफ्तार अरबाज मर्चेंट और मुनमुन धमीजा को 7 अक्टूबर तक का ही रिमांड मंजूर किया।

(शेष पृष्ठ 3 पर)



### शाहरुख के घर भी हो सकती है रेड

वहीं, ड्रग्स पार्टी केस सिलसिले में एनसीबी टीम शाहरुख के बंगले 'मन्नत' में रेड कर सकती है। दरअसल यह कानूनी प्रावधान है कि अगर किसी आरोपी को गिरफ्तार किया जाता है तो उसका हाउस सर्च किया जा सकता है। इस प्रावधान के तहत एनसीबी की टीम मन्नत की तलाशी ले सकती है। अगर क्रूज केस से कोई भी लिंक मिलता है तो वहां रेड भी की जा सकती है।

### क्रूज ड्रग्स पार्टी में शामिल नेता कौन था?


क्रूज ड्रग्स पार्टी में एक राजनीतिक पार्टी के नेता के भी शामिल होने की चर्चा है। लेकिन उस नेता के बारे में एनसीबी की तरफ से कोई खुलासा नहीं हुआ है। समीर वानखेडे ने भी ड्रग्स पार्टी में किसी नेता के शामिल होने के सवाल का जवाब नहीं दिया। उन्होंने मीडिया के सवालों के जवाब में कहा कि कृपया करके ऐसे सवाल न करें। इस पूरे मामले की जांच जारी है। जांच के हर पहलुओं का खुलासा नहीं किया जा सकता। लेकिन जांच में जो भी तथ्य सामने आयेंगे उसका खुलासा किया जाएगा।




मुंबई में दो अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर 'महात्मा गांधी रत्न अवार्ड 2021' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर डॉ. भारती लव्हेकर (विधायिका), गजेंद्र चौहान (अभिनेता) व कृष्णा चौहान फाउंडेशन के डायरेक्टर डॉ कृष्णा चौहान के हाथों राष्ट्रीय अखबार दै. मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद एस. खान को 'महात्मा गांधी रत्न अवार्ड 2021' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### पैगंबर मोहम्मद का कार्टून बनाने वाले आर्टिस्ट की सड़क हादसे में गई जान


#### 14 साल पहले पैगंबर मोहम्मद का बनाया था कार्टून



**नई दिल्ली।** स्वीडन के कार्टूनिस्ट लार्स विल्क्स ने 14 साल पहले पैगंबर मोहम्मद का एक कार्टून बनाया था। इसके बाद उन्हें जान से मारने की धमकियां शुरू हो गई और दो बार हत्या की कोशिश में किए गए हमलों में वह बच भी गए लेकिन रविवार को किस्मत ने उनका साथ नहीं दिया। पुलिस प्रटेक्शन में रह रहे लार्स पुलिस की गाड़ी में ही जा रहे थे जब सामने से आते एक ट्रक से टक्कर के बाद उनकी मौत हो गई।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# भागवत की वजह से घर से बेघर विक्टर नाडार





**विधायक असलम शेख से अपील है कि अपने स्थानीय जनता पर हो रहे अत्याचार पर ध्यान दें और भागवत जैसे लोगों पर नाल कसते हुये जल्द से जल्द विक्टर नाडार को उनका हक दिलाने की कोशिश करें**

संवाददाता

**मुंबई।** मालाड स्थित लिंक रोड बिल्डर व डेवलपर्स ट्रांसकॉन शेठ का कई सालों से प्रोजेक्ट ऑरिस सेरेनिटी चल रहा है, वहां के रत्नाबाई चॉल गुरिया पाड़ा बेरिटो कम्पाउंड के स्थानीय विक्टर नाडार का कहना है कि मेरे पास 2005 के पहले का सारे कागजात हैं, मगर मुझे उसके बाद भी अभी तक न तो घर मिला है, और न ही उसका मुझे को भाड़ा मिल रहा है, मेरा घर सालों पहले तोड़ दिया गया है, जबकि रत्नाबाई चॉल में 15 से 16 रूम थे उन लोगों को भाड़ा टाईम पर मिला रहा है मैंने सब जगह शिकायत दर्ज की है और मैंने बिल्डर व डेवलपर्स का सब काम संभालने वाला और ट्रांसकॉन शेठ कंपनी का अपने आपको मालिक समझता है जिसका नाम है भागवत वरकारी है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)


भारत निवडणूक आयोग
ओळखपत्र
ELECTION COMMISSION OF INDIA
IDENTITY CARD
NLF3386778
मतदाराचे नांव : विक्टर मायकल नाडार
Elector's Name : Victor Michael Nadar
वडीलांचे नांव : मायकल नाडार
Father's Name : Michael Nadar
लिंग / Sex : पुरुष / Male
जन्म तारीख / Date of Birth : 28/11/1986


RELIANCE Energy
Account No.: 150746761
Name: VICTOR M. NADAR
Bill Date: 10-12-2008
Rs 160.00
Due by: 31-12-2008


आयकर विभाग
INCOME TAX DEPARTMENT
भारत सरकार
GOVT. OF INDIA
VICTOR NADAR
MICHAEL NADAR
28/11/1986
Permanent Account Number
AGIPN8869J
Signature

## बुलडाणा हलचल

# मौलाना कलीम सिद्दीकी की गिरफ्तारी का विरोध, टीपू सुल्तान पार्टी फार्मेसी विंग ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**संवाददाता/अशफाक युसुफ**

**बुलडाणा।** उत्तर प्रदेश में मौलाना कलीम सिद्दीकी पर एटीएस द्वारा की गई कार्रवाई के खिलाफ सोमवार को यंहा टिप्पू सुलतान पार्टी फार्मेसी विंगने ने जिल्हाधीकारी को विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपा। जिल्हाधीकारी को सौंपे ज्ञापन में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने एटीएस के मार्फत राजनीतिक बदले की भावना से मौलाना कलीमोद्दीन सिद्दीकी पर जबरन धर्मातरण का आरोप लगाकर तथा झूठे मामले दर्ज कर उन्हें



गिरफ्तार किया है। आज तक, उन्होंने हमेशा देश की एकता और शांति के लिए प्रयास किया है। वह ग्लोबल पीस सेंटर के अध्यक्ष होने के साथ-साथ जमीयत-ए-वलीउल्लाह के अध्यक्ष भी हैं। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि योगी सरकार द्वेष की भावना से अपने राज्य में मुस्लिमों को निशाना बनाने से बाज नहीं संगठन आई लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करेगा। इस अवसर टिप्पू सुलतान पार्टी फार्मेसी विंग प्रदेशाध्यक्ष मोहम्मद फैज, जिल्हाध्यक्ष सैय्यद जव्वाद, हाफिज फैसल, काजी आमेर, सैय्यद आतिफ, एहतेशाम खान,सैय्यद नदीम व सैय्यद अल्ताफ आदि उपस्थित थे।

# बिजली की आख मिचौली से उपभोक्ता परेशान, सामाजिक कार्यकर्ता प्रतिनिधित्व की आवश्यकता




**बुलडाणा।** शहर में कुछ क्षेत्रों में बिना किसी पूर्व सूचना के पिछले कई दिनों से बिजली की आंख मिचौली से उपभोक्ता परेशान है। शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान न होने से उपभोक्ताओं में रोष बढ़ता जा रहा है। इकबाल नगर ईलाके में जहां रोज कुछ घंटे की बिजली आपूर्ति खंडित रहती हैं, वहीं दूसरी ओर कई क्षेत्रों में बिजली आने-जाने का सिलसिला शुरू होने के कारण बिजली के उपकरणों पर खतरा मंडराने लगा है। बारिशत के दिनों में आंधी तूफान के चलते बिजली गुल हो जाना आम बात है, किंतु मौसम में खराबी न होने पर भी दिन और रात 2-3 घंटों के लिए बिजली गुल होने से नागरिक परेशान हैं। विशेष रूप से शहर के ईकबाल नगर जोहर नगर क्षेत्र तथा आसपास के इलाकों में बिजली रोज गुल होती है जानकारी के मुताबिक शहर के इन दिनों न ही बारिश हो रही है। और नहीं तेज हवा चल रही है। लेकिन लोडशेडिंग का कारण नागरिक समझ नहीं पा रहे हैं । रविवार की रात 12 बजे से परिसर की बिजली बाधित हो गई है। फिर कुछ देर बाद बिजली आई , लेकिन पंद्रह मिनट में फिर से गुल हो गई। बस्ती में रात भर अंधेरा कायम था। मौसम साफ रहने के बावजूद महावितरण द्वारा इन इलाकों में रोज रात को बिजली कट करने की वजह से नागरिकों में नाराजगी है महावितरण द्वारा बिजली कटौती का यही सिलसिला बदस्तूर जारी रहा तो तीव्र आंदोलन की चेतावनी नागरिकों द्वारा दी गई है। शहर के वार्ड नं.2 ईकबाल नगर इलाके में पिछले कुछ महीने से बिजली की आंखमिचौली जारी है। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस ओर सामाजिक कार्यकर्ता प्रतिनिधित्व की जरुरत है।

## राजस्थान हलचल

# सरकार को याद दिलाया लिखित समझोताः एन डी कादरी

**संवाददाता/सैय्यद अलताफ हुसैन**

**बीकानेर।** मुस्लिम महासभा के राष्ट्रीय सचिव एन डी कादरी ने बताया कि राजस्थान सरकार चुनावी घोषणापत्र में किए वादे पूरे नहीं कर रही है, बल्कि मुस्लिम समाज के साथ पुरी तरह वादा खिलाफी ही नहीं सहन सिल मुसलमानों के साथ आश्वासन देकर भी धोखा कर रही है। शमशेर भालू खां दांडी यात्रा पर चुरू से उदयपुर तक पहुंच गये थे, उन्हें कांग्रेस के कुछ नेता उदयपुर जाकर भोले मुस्लिम समाज को गुमराह किया इसी तरह पैराटीचर्स का प्रदेश स्तर पर चल रहे घरना सहित दांडी यात्रा को भी स्थगित यह कहते हुए कि सरकार जयपुर में आपसे वार्ता कर आप की मांगें मानने को तैयार हैं। इसी तरह बीकानेर में भी धरना स्थल पर कांग्रेस के नेताओं ने उर्जा एवं जलदाय मंत्री से फोन पर वार्ता करवा कर धरना स्थगित करवाया गया, आप आये हम आपको बुलाने आये सरकार आप की सभी मांगें मानने को तैयार हैं। एन डी कादरी ने बताया कि जयपुर वार्ता में भी शिक्षा मंत्री सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने 30 सितंबर 2021 तक पैराटीचर्स को नियमित करने का आश्वासन दिया था जरूर किया था लेकिन वह भी ढकोसला साबित हुआ हैं।कादरी बताया कि दो अक्टूबर से दांडी यात्रा जहां से छोड़ी थी वहीं उदयपुर से प्रारंभ होकर लगभग साठ किलोमीटर निकल चुकी है सरकार सो रही है।मुस्लिम महासभा के राष्ट्रीय सचिव एन डी कादरी बताया की अगर सरकार पैराटीचर्स को नियमित करने के अपने चुनावी



घोषणा पत्र सहित लिखित 30 सितंबर 21 के नियमित करने के वायदे पर शीघ्र अमल करते हुए पैराटीचर्स को नियमित कर दांडी यात्रा स्थगित करवाएं अन्यथा सरकार पैराटीचर्स व उर्दू के मामले को खामियाजा भुगतने को तैयार रहें। कादरी ने यह भी बताया अभी हाल ही में पूर्व गृहमंत्री एवं राजस्थान विधानसभा में विपक्ष के नेता गुलाबचंद कटारिया ने भी बयान देकर स्वीकारा है कि सरकार पैराटीचर्स को नियमित करना ही नहीं चाहतीं, इससे पहले हमारी सरकार ने भी पांच साल वायदे कर निकाल दिए अब यह सरकार भी ऐसा ही कर रहीं हैं। मुस्लिम महासभा शीघ्र ही सख्त कदम उठाने पर मजबुर होगी।

# जनगणना फार्म वार्ड वाईज वार्ड भरने की प्रक्रिया शुरू हुई



**संवाददाता/सैय्यद अलताफ हुसैन**

**जोधपुर।** मारवाड़ शेख सैयद मूगल पठान जिला विकास समिति के जिला प्रवक्ता नदिम बक्ष ने बताया की समाज शेख सैयद मूगल पठान के जनगणना फार्म को वार्ड वाईज वार्ड समिति के पदआधिकारी व वार्ड अध्यक्षो को के नेतृत्व मे जनगणना फार्म भरे जा रहे हे जिला अध्यक्ष उस्ताद हाजी हमीम बक्ष ने बताया की आज हमारी कोम जो कोम शेख सैयद मूगल पठान समाज से तालूक रखते हे व किसी कारण वास अपनी जाति का प्रमाण बताने मे दिक्कत का समाना करना पड़ रहा उन कोम के लोगो को जिला समिति एक प्रमाणित पत्र दे रही हे साथ ही साथ जाति विशेष आई कार्ड भी बना कर दे रही हे जो भी कोम शेख सैयद मूगल पठान समाज से तालूक रखते हे ओर उन्हें किसी प्रकार की परेसानियो का सामना करना पड़ रहा है तो वो एक बार जिला समिति के कार्यलय मे आकर समपर्क अवशय करे जनगणना फार्म का विमोचन उस्ताद अ वहीद खान ने लखारा बाजार मे किया व इसी क्षेत्र सर्वे शूरू किया गया व जल्द ही पूरी कोम का सर्वे करके एक डायरेक्टरी के रूप मे जारी की जायेगी।आज ये रहे मोजूद उस्ताद हाजी हमीम बक्ष, उस्ताद अ वहीद खान, मो.रईस,मो.हासीब,खान,अ.कलाम मो.यूनुस,नूर मो. मो. ताहिर, व कई क्षेत्र वासी भी उपस्थित थे।

# हजरत कयूम सरकार साहब को पेश की चादर शरीफ-मुस्लिम महासभा

**संवाददाता/सैय्यद अलताफ हुसैन**


**आसीन्द,भीलवाड़ा।** हजरत कयूम सरकार र.अ. आसीन्द शरीफ आस्ताना ऐ आलिया पर मुस्लिम महासभा की जानिब से बाबा हुजूर को बड़े ही शान ओ शौकत के साथ चादर शरीफ पेश कर देश और समाज की खुशहाली के लिए दुआए मांगी गई जिसमे मुस्लिम महासभा के रास्ट्रीय सचिव जाफर खान फौजदार सहित मुस्लिम महासभा राजसमन्द के जिला समन्वयक एडवोकेट शराफत हुसैन फौजदार, जिला प्रभारी हैदर हुसैन शैख, जिला मीडिया प्रभारी सरफराज अहमद शेख,रिटायर्ड तहसीलदार ईकबाल मोहम्मद शैख, नजीर मोहम्मद शैख, असलम खान पठान, शफी मोहम्मद फौजदार, फैयाज मोहम्मद शेख, हनीफ खान पठान, टीपू सुल्तान, ईमरान खान, शहजाद हुसैन, साजिद पठान आदि गणमान्य मौजूद रहे।



# हनुमानगढ़ में किसानों पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज, धान खरीद के लिए प्रदर्शन कर रहे थे

**संवाददाता**

**हनुमानगढ़।** राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में पुलिस द्वारा किसानों के ऊपर लाठीचार्ज का मामला सामने आया है। किसान कलेक्ट्रेट में धान खरीद की मांग करने पहुंचे थे। काफी समय बीत जाने के बाद भी धान की खरीद अबतक शुरू नहीं हो पाई है। इसे लेकर किसान अपने पूर्वनियोजित कार्यक्रम के तहत आज सुबह धान से भरी ट्रॉलियां लेकर जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे थे और वहां प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस ने गेट बंद कर किसानों को रोकने की कोशिश की लेकिन फिर भी किसान अंदर पहुंचने में कामयाब रहे। इसके बाद पुलिस ने किसानों पर लाठीचार्ज करना शुरू कर दिया। इसमें कुछ किसानों के घायल होने



की खबर सामने आई है जिन्हें अस्पताल में ले जाया गया है। किसानों की संख्या कम थी फिर भी पुलिस भीड़ को संभालने में नाकाम रही और लाठीचार्ज का सहारा लिया। किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रशासन जानबूझकर किसानों को उकसा रहा है। लाठीचार्ज के बाद किसानों की भीड़ कम हो गई लेकिन धान की ट्रॉलियां परिसर के गेट के सामने ही खड़ी रहीं। किसानों का आरोप है कि मंडियों में धान 1700 से 1750 रुपए क्विंटल तक बिक रहा है। यह दाम एमएसपी से भी कम है। किसान इसलिए सरकार से धान खरीद की मांग कर रहे हैं। इस लाठीचार्ज का वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें किसानों पर पुलिस लाठीचार्ज करते हुए दिखाई दे रही है।



# राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के जनसंपर्क कार्यालय का उद्घाटन, बाहुबली अमित सिंह ने बजाया चुनावी बिगुल

**मुंबई।** शनिवार दि. 02/10/2021 हिन्दी भाषी सेल के मा.जिल्हाध्यक्ष श्री. अमित सिंह ठाकूर, मा. उपाध्यक्ष श्रीं उमेश पाटील, युवा नेता श्रीं गंगेश झा इनके कार्यालय का उदघाटन महाराष्ट्र राज्य सचिव, मिरा भाईंदर निरीक्षक मा श्री. संतोष दादा धुवाळी इनके शुभ हाथो से हुआ यह कार्यक्रम में प्रमुख उपस्थिती मा.उपनगराध्यक्ष श्री अरुण भाई कदम साहेब शिवसेना नगरसेवक श्री विक्रम प्रताप सिंह महाराष्ट्र राज्य के सचिव श्री संतोष पेंडुरकर महिला जिल्हाध्यक्ष सौ. सुप्रिया माईणकर भाजपा नगरसेवक श्री दौलत गजरे मायनॉरिटी सेल प्रदेश सचिव श्री ताहीर जमीनदार, अर्बन सेल के जिल्हाअध्यक्ष श्री.अनिल साबळे यह कार्यक्रम श्रीं विकास शिंदे, श्याम रावत, प्रकाश मुरकुटे,बाबा पठाण, सुनील करवटा, सौ नम्रता पवार, सौ. बिनीशा सोळंकी,शीतल गायकवाड निकिता जैन, सीमा बोर्डे,अनंत म्हात्रे,कमलेश कांबळे, प्रदीप तौर,सानिया खान,वीरेंद्र सिं ग, नेहल परमार, संतोष पाचारणे, नम्रता पवार,मनीषा सोलंकी, हरेश शर्मा, सोहैब मेमन, इकबाल खान, दीप्ती पांडे, रुचिका त्रिपाठी रामलखन शुक्ला, नीरज पाल, बबलू शेख, हरून तांबोळी, अनिल उपाध्याय, सुर्वे, दीपक शेलार, राहुल दर्जी, जसूभाई दर्जी, दिनेश दर्जी, फारूक खान और सकड़ो की तादाद में कार्यकर्ता व शुभचिंतक उपस्थित थे।

# विरोधी पक्ष नेता शानू पठान के विरोध में किया गया धारना प्रदर्शन

**संवाददाता/समद खान**

**मुंब्रा।** गत 4 अक्टूबर सोमवार सुबह 10:00 बजे से विरोधी पक्ष नेता शानू अशरफ पठान के विरोध में धारना प्रदर्शन किया गया हजारों की तादाद में लोगों ने मिलकर इस धारना प्रदर्शन को कामयाब बनाया दरअसल यह धारना प्रदर्शन सुकून महिला सामाजिक संस्था के अध्यक्ष नाज गोलंदाज और अहमद भाई के नेतृत्व में अमृत नगर नाके पर यह धरना प्रदर्शन किया गया पत्रकार से बात करते हुए उन्होंने अपनी पहली मांग मानपा प्रशासन से यह की है कि दारुल फलाह गार्डन की जगह पर दुकान नहीं बनाने की मांग की है दूसरी मांग इनकी यह है विरोधी पक्ष नेता शानू पठान पर आरोप लगाया है कि वह कैसे रोडपति से करोड़पति बन गए और उन्होंने सरकार से यह मांग की है शानू पठान की संपत्ति को लेकर आयकर विभाग और ईडी विभाग से जांच की मांग की है तीसरी मांग इस संस्था के पद अधिकारी द्वारा यह की गई है कि जल्द से जल्द मुंब्रा शहर के सभी गड्ढों को भरे जाएं और चौथी मांग टोरेंट कंपनी द्वारा मनमानी बिल को कम किया जाए और पुरानी पीडी के जो भी बकाया बिल हैं उसको माफ किया जाए पांचवी मांग यह है विरोधी पक्ष नेता शानू पठान द्वारा बनाई गई टीएमसी इमारत डायमंड अपार्टमेंट की पार्किंग की जगह पर उन्होंने अवैध रूप से डायमंड हॉल बना दिया गया है उस पर तत्काल कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है छठी मांग मुंब्रा से लेकर कौसा तक दोनों तरफ के फुटपाथ और




अवैध रूप से होकर को हटाकर अतिक्रमण का सफाया किया जाए इस धरना प्रदर्शन में उनका समर्थन के लिए शिवसेना पार्टी के सुधीर भगत ने आकर उनका हौसला बढ़ाया और उनकी मांगों को सही करार दिया है और विकास के मुद्दे पर यही कहा कि मुंब्रा वासियों को विकास के मामले में सत्ताधारी पार्टी द्वारा खाली लॉलीपॉप दिया जा रहा है और कुछ नहीं विकास के मामले में शहर की जनता के साथ सिर्फ खिलवाड़ किया गया है विकास तो कहीं हुआ ही नहीं गड्ढों का विषय सरकारी अस्पताल सरकारी स्कूल गर्ल्स हॉस्टल कब्रस्तान स्लॉटर हाउस ऐसे कई एक मुद्दे पर उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया बताइ इस धरना प्रदर्शन में मुंब्रा के सभी पत्रकारों ने भी उनका समर्थन किया है पत्रकार रिजवी पत्रकार यासर बगदादी ने भी कहां शहर में विकास के नाम पर जो ढिंढोरा पीटा जा रहा है और भ्रष्टाचार किया जा रहा है आज यह आलम हो गया है एनसीपी के नेता शमीम खान द्वारा यह बात कही जा रही है कि हमारा कोई मुंब्रा में विपक्ष नहीं है मुंब्रा के विकास को देखते हुए ही पत्रकार अब एनसीपी के विपक्ष में होते हुए नजर आ रहे हैं उन्होंने कहा कचरा विभाग का कॉन्ट्रैक्ट खत्म होने के बाद रिनुअल के लिए 35 लाख रुपया एनसीपी को कॉन्ट्रैक्ट दोबारा हासिल करने के लिए दिया गया यह भ्रष्टाचार नहीं है तो और क्या है इसीलिए तो कहते हैं कि मुंब्रा में विकास तो सिर्फ नेताओं का हुआ है जनता का नहीं जनता पहले से ज्यादा अब परेशान नजर आ रही है और यह बात शहर की जनता को भी समझ में आ गई है सत्ताधारी पार्टी विकास के नाम पर खाली अपनी जेबें भर रहे हैं अपना बंगले बना रहे हैं बड़ी-बड़ी गाड़ियों में घूम रहे हैं और अपना ही विकास कर रहे हैं गरीब जनता का नहीं अब देखना यह है यह धरना प्रदर्शन से कलवा मुंब्रा की विधायक तथा गृह निर्माण मंत्री जितेंद्र अवार्ड की क्या प्रतिक्रिया होती है यह तमाम मांगों को लेकर यह देखने वाली बात होगी।

(पृष्ठ 1 का शेष)

# भागवत की वजह से घर से बेघर विक्टर नाडार



विक्टर नाडार



NL...
पत्ता: 1/6, रत्नाबाई लहानगे चाळ, गुरिया नगर झोपडपट्टी, लिंक रोड रिलीफ रोड (पूर्व), मालाड (प), मुंबई
तालुका - बोरीवली
जिल्हा - मुंबई उपनगर (महाराष्ट्र) - 400064
Address: 1/6, Ratnabai Lahange Chawl, Guriya Nagar Zopadpatti, Link Road Relief Road (E), Malad (W), Mumbai
Teh - Borivali
Dist - Mumbai Suburban Dist. (MH) - 400064
Date : 25/12/2004
162 - मालाड पश्चिम विधानसभा मतदारसंघ करीता मतदार नोंदणी अधिकारी यांच्या सहीचा शिक्का
Facsimile Signature of the Electoral Registration Officer for 162- Malad West Constituency

इसी की वजह से मैं आज तक घर से बेघर भटक रहा हूं, भागवत वरकारी से मैंने पचास बार बोला कि हमने सारे कागजात आपको दिये हैं आपसे विनती करता हूं आपके हाथ जोड़ता हूं कि मेरे रूम का आप काम करवा दीजिए, मगर भागवत वरकारी जो अपने आपको बिल्डर समझता है, उसका बोलना है न होने दूंगा और न ही कराकर दूंगा। बिल्डर व डेवलपर्स ट्रांसकॉन शेठ के मालिक व मैनेजर से अपील है कि ऐसे भागवत वरकारी जैसे लोगों पर ध्यान दें और उनपर सख्त से सख्त कार्रवाई करें। बिल्डर व डेवलपर्स ट्रांसकॉन शेठ का अच्छा नाम होने के बाद भी कुछ ऐसे भ्रष्ट लोगों की वजह से उनका नाम खराब होता है। और विक्टर नाडार के कागजात पर नजर रखते हुये जल्द से जल्द उनका हक दिया जाना चाहिए।

### आर्यन खान को नहीं मिली जमानत

अन्य 5 आरोपियों विक्रांत छोकर, इश्मीत सिंह, नुपुर सारिका, गोमित चोपड़ा और मोहक जसवाल को भी 7 अक्टूबर तक एनसीबी की रिमांड पर भेज दिया है। सुनवाई के दौरान एनसीबी ने आरोपियों से बरामद ड्रग्स की जानकारी दी। पार्टी ऑर्गनाइजर्स और पैडलर्स का भी जिक्र हुआ। सवाल उठा कि क्रूज पर तो 1300 लोग थे, फिर चंद लोगों पर ही कार्रवाई क्यों हो रही है? इस पर आर्यन के वकील सतीश मानशिंदे ने कहा- खान (आर्यन) वहां ड्रग्स बेचने के लिए नहीं गए थे, अगर वो चाहते तो पूरा शिप भी खरीद सकते थे। अगर जांच ही करनी है तो शिप पर एक हजार लोग थे, उनकी भी जांच कीजिए। सोमवार को सुनवाई के बाद किला कोर्ट ने आदेश में कहा- एनडीपीएस एक्ट के तहत तमाम अपराध गैर-जमानती हैं। इसलिए जमानत देने या न देने का तो सवाल ही नहीं उठता। जरूरी बात यह है कि आरोपियों को कस्टडी में भेजा जाए या नहीं। आरोपियों के सहयोगियों के बयान विरोधाभासी हैं। आरोपी भी उनके साथ थे। इस मामले में जांच बेहद जरूरी है। आरोपियों को खुद को बेकसूर साबित करना होगा। इस आदेश के साथ ही कोर्ट ने आरोपियों को 7 अक्टूबर तक एनसीबी की कस्टडी में रिमांड पर सौंप दिया। नियमों के तहत आगे की पूछताछ से पहले जांच एजेंसी सभी आरोपियों का एक बार फिर मेडिकल टेस्ट कराएगी। इसके बाद एनसीबी दफ्तर में पूछताछ होगी।

### पैगंबर मोहम्मद का कार्टून बनाने वाले आर्टिस्ट की सड़क हादसे में गई जान

उनके साथ जा रहे दो पुलिसकर्मियों की भी मौत हो गई और दोनों गाड़ियों में आग लग गई। ट्रक ड्राइवर घायल है और अस्पताल में भर्ती है। घटना स्वीडन के क्रोनोबर्ग की है। लार्स ने साल 2007 में पैगंबर मोहम्मद का आपत्तिजनक कार्टून बनाया था। इसके बाद उन्हें जान से मारने की धमकियां मिलने लगीं। साल 2011 में एक शख्स ने उनकी हत्या की साजिश का जुर्म कबूल किया और उसे 2014 में दोषी करार दिया गया। साल 2015 में उनके ऊपर हमला भी हुआ।

## नोटिस

**आई टी** को सूचित किया जाता है कि डिजायर वीडीआई संख्या एमएच02 बी जे7675 के मालिक श्री. रमेशचंद्र नारायण सावंत 23/06/2013 को समाप्त हो गए हैं। श्रीमती सुलक्षणा रमेश चंद्र सावंत पत्ता: ए/704 कृष्णा रीजनी ऑफ एस.वी. सुंदर नगर के पीछे की सड़क, मलाड (पश्चिम), मुंबई 400064. उपर्युक्त वाहन के कब्जे का उत्तराधिकारी मैंने अपने नाम पर स्थानांतरण के लिए क्षेत्रीय परिवहन अधिकारियों को आवेदन किया है। किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर आरटीओ बोरीवली मुंबई से संपर्क कर सकता है।

## PUBLIC NOTICE

IT is hereby informed that sir Rameshchandra Narayan sawant owner of Dzire VDI no MH02 BJ7675 who has expired on 23/06/2013 Smt. Sulakshana Ramesh CHANDRA SAWANT ADD:- Residence : A/704 Krishna regeny off S.V. Road behind Sundar Nagar, Malad (WEST), Mumbai 400064. Successor to the Possession of the above mentioned vehicle. I have applied to Regional Transport authorities for transfer on my name. Any person having any claim/objection should contact RTO Borivali Mumbai within 15 days from the publication of this notice.

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### वैक्सीन की लड़ाई

दुनिया में कोरोना वैक्सीन को लेकर देशों के बीच उभरे विवाद बेहद दुखद और आपत्तिजनक हैं। हम भारत और इंग्लैंड के बीच वैक्सीन को लेकर जो विवाद देख रहे हैं, उससे निस्संदेह बचा जा सकता था, मगर इंग्लैंड की हठधर्मिता ने भारत को 'जैसे को तैसा' शैली में जवाब देने को मजबूर कर दिया। अब भारत से इंग्लैंड जाने वालों को जहां दस दिन के क्वारंटीन से गुजरना होगा, वहीं इंग्लैंड से भारत आने वालों को भी ऐसी ही परेशानी होगी। इंग्लैंड का यह फैसला समझ से परे दिखता है, वह भारतीय वैक्सीन कोविशील्ड को मान्यता तो देता है, लेकिन कोविशील्ड वैक्सीन प्राप्त लोगों को टीकायुक्त नहीं मानता। आश्चर्य की बात है कि इंग्लैंड में लोगों को जो वैक्सीन दी जा रही है, उसी फॉर्मूले की वैक्सीन कोविशील्ड भारत में भी लग रही है। कायदे से इंग्लैंड को भारतीय वैक्सीन और टीका प्राप्त भारतीयों को सहर्ष स्वीकार करना चाहिए था। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अब तक जिन सात वैक्सीन को मंजूरी दी है, उनमें इंग्लैंड में निर्मित ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका वैक्सीन के अलावा भारत में निर्मित इसी फॉर्मूले की कोविशील्ड भी शामिल है। तो फिर भेद क्यों है? विश्व स्वास्थ्य संगठन से मंजूर वैक्सीन में इंग्लैंड निर्मित ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका सबसे आगे है, क्योंकि इसे दुनिया के सर्वाधिक 122 देशों ने मान्यता दी है। भारत निर्मित कोविशील्ड को 46 देशों में मंजूरी है। एक बड़ा फर्क यह भी है कि इंग्लैंड निर्मित वैक्सीन का दुनिया के 21 देशों में 40 बार से ज्यादा ट्रायल हुआ है, जबकि भारत में बनी कोविशील्ड को केवल एक देश में दो बार ट्रायल से गुजारा गया है। यह इंग्लैंड का अहंकार ही है कि वह भारतीय वैक्सीन या भारतीय वैक्सीन प्राप्त लोगों को तवज्जो नहीं देता। यहां लगे हाथ यह भी जान लेना चाहिए कि दुनिया में दूसरे नंबर पर मान्यता प्राप्त वैक्सीन फाइजर है, जिसके लिए 100 से ज्यादा देशों ने अपने दरवाजे खोले हैं। मोदेरना के लिए 76 देश और जॉनसन के लिए 70 देश आगे आए हैं। चीन निर्मित वैक्सीन सीनोफार्म को 65 देशों की मंजूरी हासिल है और सीनोवेक को 40 देशों की। टॉप सात वैक्सीन की बात करें, तो सबसे कम ट्रायल कोविशील्ड का ही हुआ है। हमने शायद यह मान लिया था कि जब इसी फॉर्मूले की ब्रिटिश वैक्सीन का अधिकतम ट्रायल हो ही रहा है, तो हमें अलग से ट्रायल की क्या जरूरत? चूंकि हमने ट्रायल पर जोर नहीं दिया, इसलिए हमारी अपनी कोवैक्सीन को वाजिब मान्यता नहीं मिली। दुनिया के देश ट्रायल देखते हैं, जबकि हमारा ध्यान फॉर्मूला प्राप्त करने पर रहता है। नहीं भूलना चाहिए कि जहां मान्यता प्राप्त वैक्सीन वाले देशों को ज्यादा आर्थिक लाभ होगा, वहीं कोवैक्सीन का निर्माण ज्यादा मांग के अभाव में प्रभावित होगा। कोविशील्ड और कोवैक्सीन की मांग तभी बढ़ेगी, जब हम ट्रायल या सफलता के आंकड़े सामने रखेंगे। देखना होगा कि भारत वैक्सीन निर्माण में पीछे नहीं रह जाए। भारत ही नहीं, दुनिया को अभी लंबा रास्ता तय करना है। अभी तक दुनिया में केवल 35 प्रतिशत लोगों का ही टीकाकरण पूरा हुआ है। तमाम देशों से यह उम्मीद करनी चाहिए कि सब मिल-जुलकर वैक्सीन की राह पर चलेंगे, ज्यादा से ज्यादा वैक्सिंग को मंजूरी मिलेगी और ज्यादा से ज्यादा लोगों का टीकाकरण होगा, तभी हम कोरोना से जंग जीत पाएंगे।

# समुद्र में रेव पार्टी

**महानगरों** के फार्म हाउसों और आलीशान कोठिओं में रेव पार्टियों का आयोजन कोई नई बात नहीं। पहले भी रेव पार्टियों का भंडाफोड़ हो चुका है लेकिन बीच समुद्र में एक क्रूज पर चल रही रेव पार्टी मना रहे लोगों की गिरफ्तारी इसलिए सनसनी पैदा करती है क्योंकि गिरफ्तार लोगों में बालीवुड के किंग खान माने गए शाहरुख खान का बेटा आर्यन खान भी शामिल है। दिल्ली की तीन लड़कियां भी पकड़ी गई हैं। क्रूज पर चल रही रेव पार्टी पर नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के छापे में काफी मात्रा में हशीश, कोकीन और एमडी मिली है। बालीवुड अभिनेताओं और अभिनेत्रियों के नशे की लत का शिकार होने के कई वीडियो सामने आ चुके हैं। बालीवुड के प्रमुख अभिनेताओं के बच्चों के शामिल होने की खबरें भी आती रहती हैं। पहले तो सीमांत राज्य पंजाब को 'उड़ता पंजाब' कहकर प्रचारित किया गया लेकिन अभिनेता सुशांत सिंह आत्महत्या केस के बाद जांच ने ऐसा मोड़ लिया कि महानगर मुंबई 'नशे में उड़ती' नजर आई।

अनेक ड्रग पैडलर पकड़े गए। कई नामी-गिरामी अभिनेत्रियों और अभिनेताओं का नाम सामने आया। नशे की लत का शिकार कई टीवी अभिनेता और अभिनेत्रियां भी पकड़ी गई। फिल्म इंडस्ट्री में तूफान मच गया। जिन लोगों को फिल्मों में देखकर दर्शक अपना 'आदर्श' मान बैठे थे, उन सबके असली चेहरे सामने आ गए। क्रूज पर रेव पार्टी का अपना ही रोमांच होता है। 2 से 4 अक्तूबर के बीच लोगों को सैर के लिए ले जाया गया था जिसके लिए प्रति व्यक्ति 80 हजार से चार लाख तक रुपए लिए गए थे। तीन दिन बाद लोगों को वापिस मुम्बई लाकर छोड़ना था। एनसीबी का एक्शन एक बड़ी सफलता तो है लेकिन सवाल यह है की मुम्बई में भारी मात्रा में ड्रग्स की सप्लाई अब भी जारी है। इस कार्रवाई से एक दिन



पहले एनसीबी ने गद्दे में छिपा कर आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड ड्रग्स भेजने के एक रैकेट का पदार्फाश किया था और 5 करोड़ की कीमत की इफेड्रिन ड्रग्स बरामद की। गद्दे का पैकेट हैदराबाद से आया था। पिछले सप्ताह अफगानिस्तान से तस्करी के लिए भारत आई करीब तीन टन हेरोइन को गुजरात के मुंदड़ा बंदरगाह से जब्त किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 20 हजार करोड़ के करीब है। हेरोइन को दो कंटेनरों में रखा गया था। मुंबई में 'नशे की गुड़िया करोड़ों की पुड़िया का' मादक खेल चल रहा है। एनसीबी ने ऐसी महिलाओं को भी गिरफ्तार किया है जिन्हें मादक पदार्थों के विक्रेता डान मानते हैं। इन्होंने इस व्यवसाय से करोड़ों का बैंक बैलेंस और सम्पत्तियां खड़ी की हैं लेकिन दिखाने के लिए वह गुजरात में झुग्गी में रह रही थी। मादक पदार्थों पर एक्शन की झड़ी लगी हुई है फिर भी तस्कर सक्रिय हैं। नेटवर्क इतना बड़ा है की अब तक कोई इसे पूरी तरह भेद नहीं सका है। भारत की रगों में ड्रग्स घुलती जा रही है। युवा पीढ़ी नशे की लत का शिकार होकर जीवन बर्बाद कर रही है। कई राज्य ड्रग्स की चपेट में हैं। हिमाचल, उत्तराखंड से लेकर पूर्वोत्तर राज्यों तक ड्रग्स का नेटवर्क फैला हुआ है। भारत दुनिया के दो प्रमुख अवैध अफीम उत्पादक देशों के बीच स्थित है। एक तरफ इसके पश्चिम में गोल्डन क्रीसेंट यानी ईरान, अफगानिस्तान और पाकिस्तान मौजूद हैं तो दूसरी तरफ इसके पूर्व में गोल्डन ट्रायंगल यानी दक्षिण पूर्व एशिया मौजूद है। भारत की यह दोनों सीमाएं ड्रग्स तस्करी के लिहाज से काफी संवेदनशील हैं। अफगानिस्तान में तालिबान की सरकार आने के बाद तस्करी बढ़ने की आशंका है। भारत युवाओं का देश है। कहा जा रहा है कि युवाओं के दम पर भारत दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बन सकता है लेकिन जिस युवा पीढ़ी के बल पर भारत विकास के पथ पर दौड़ने का दम भरता है, वह दुर्भाग्य से नशे की गिरफ्त में आ रही है।

नशाखोरी किसी एक राज्य की समस्या नहीं रही। पंजाब, महाराष्ट्र, हरियाणा, मणिपुर, मिजोरम, दिल्ली, बिहार, केरल आदि राज्यों में ड्रग्स का सेवन बढ़ रहा है। देश में नशे का गोरखधंधा 15 लाख करोड़ का होने का अनुमान है। परिस्थितियां बहुत खतरनाक हैं। आज के दौर में कोई पानवाला ड्रग्स की सप्लाई कर सकता है तो कोई आइसक्रीम विक्रेता भी ऐसा कर सकता है। ऐसे में इस पर अंकुश लगाना आसान नहीं है। नशे का बड़े पैमाने पर धंधा तभी चल सकता है जब एजेंसियों के भ्रष्ट अधिकारी, तस्कर और पैडलर्स आपस में मिले हुए हों। हकीकत यह है कि इस धंधे में बेशुमार पैसा है और इसमें शामिल सभी की मोटी कमाई होती है। छोटी मछलियों को पकड़ लिया जाता है, बड़ी मछलियां समंदर में बैखोफ तैरती रहती हैं। एक तरफ जहां नशीले पदार्थों के इस्तेमाल से परिवारों में बिखराव और सामाजिक ताने-बाने के टूटने का खतरा पैदा हो गया है दूसरी तरफ इससे इंसान की कार्य क्षमता में गिरावट आ रही है। इससे अपराध भी बढ़ रहे हैं। सवाल यह नहीं कि किसी फिल्म स्टार का बेटा पकड़ा गया, सवाल तो यह है की हम नशे के आदी हो रहे युवाओं की मानसिकता कैसे बदले? यह सोचना समाज का काम है और अभिभावक का भी।

# उपचुनावों में तृणमूल की जीत

**प. बंगाल** विधानसभा के तीन उपचुनावों में जिस प्रकार ममता दी की तृणमूल कांग्रेस पार्टी की जीत हुई है उससे साबित होता है कि इस राज्य में ममता दी का मुकाबला करने की कूव्वत किसी भी राष्ट्रीय या क्षेत्रीय दल में नहीं है। ये उपचुनाव इस वजह से राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में थे क्योंकि कोलकाता इलाके की भावनीपुर सीट से स्वयं ममता दी चुनाव लड़ रही थीं। उन्होंने यहां पर भाजपा की प्रत्याशी को लगभग 59 हजार मतों से पराजित किया है। इसके अलावा समसेरगंज व जंगीपुर सीटों पर भी तृणमूल के प्रत्याशियों ने जिस प्रकार धमाकेदार जीत दर्ज की है। वह बताती हैं कि राज्य में कांग्रेस पार्टी का अस्तित्व दीदी की पार्टी में समा चुका है। जंगीपुर से तो तृणमूल के प्रत्याशी जाकिर हुसैन को 70 प्रतिशत से अधिक मत मिले जबकि दूसरी ओर समसेरगंज से इसके प्रत्याशी ने 52 प्रतिशत से अधिक मत पाये। जंगीपुर तो कांग्रेस पार्टी का गढ़ माना जाता था परन्तु यहां से कांग्रेस ने अपना कोई प्रत्याशी उतारा तक नहीं। यहां दूसरे स्थान पर भाजपा का प्रत्याशी रहा। जबकि समसेरगंज में कांग्रेस का प्रत्याशी दूसरे नम्बर पर रहा। उपचुनावों में जीत से ममता दी की राष्ट्रीय छवि में निखार आना बहुत स्वाभाविक राजनैतिक प्रक्रिया है परन्तु इससे यह सिद्ध नहीं होता कि ममता दी की लोकप्रियता देश के अन्य उत्तरी या दक्षिणी राज्यों में भी बढ़ेगी।

ममता दी के लिए भवानीपुर चुनाव जीतना उन्हें अपने पद पर बने रहने के लिए बहुत जरूरी था क्योंकि मार्च महीने में राज्य में हुए चुनावों के दौरान वह नन्दीग्राम विधानसभा सीट से अपने ही एक कनिष्ठ सहयोगी सुभेन्दु अधिकारी से बहुत कम मतों के अंतर से चुनाव हार गई थीं। इस चुनाव परिणाम को ममता दी ने न्यायालय में चुनौती दी हुई है परन्तु सत्ता की बागडोर संभाले रखने के लिए उन्हें उप चुनाव लड़ना बहुत जरूरी था जिसकी वजह से उन्होंने भावनीपुर से जीते हुए अपनी पार्टी के प्रत्याशी से इस्तीफा दिलाया जिससे यहां छह माह की अवधि के भीतर चुनाव हो सकें। संविधान के अनुसार कोई भी व्यक्ति चुने हुए सदन का सदस्य न होते हुए भी मुख्यमन्त्री बन सकता है मगर छह माह के भीतर उसे इसका सदस्य बनना होता है। ममता दी जब नन्दीग्राम से चुनाव हारी तब भी वह मुख्यमन्त्री थीं परन्तु मार्च में हुए चुनावों में उनकी पार्टी ने धमाल मचाते हुए शानदार सफलता प्राप्त की। 298 सदस्यीय विधानसभा में 213 सीटें जीतीं। उनकी यह जीत पिछले 2016 के चुनावों से भी अधिक प्रभावी थी। इस जीत से उन्होंने भाजपा के इस दावे को नकार दिया कि प. बंगाल में यह पार्टी अन्य उत्तर-पूर्वी राज्यों की तरह अपना झंडा फहरा सकती है। मगर ममता दी को अपनी हार का गम भीतर से कचोट रहा था क्योंकि उनकी फौज तो चुनावों में जीत गई थी मगर जनरल की टोपी उतर गई थी। इसलिए भवानीपुर से उनकी विजय की गूंज पुरानी हार का बदला लेने के लिए बहुत जरूरी थी और इसे ममता दी ने पूरी शान के साथ लिया।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# आतंकवाद की तरह ड्रग्स तस्करी पर लगाम लगाने की तैयारी में गृह मंत्रालय

## सिम्स से हो रही मामलों की निगरानी

**केंद्रीय गृह मंत्रालय अब ड्रग्स तस्करी के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की प्रणाली तैयार करने में जुट गया है।**

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय गृह मंत्रालय आतंकवाद की तरह से ड्रग्स तस्करी के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की प्रणाली तैयार करने की कोशिश में जुट गया है। आतंकवाद के निपटने के लिए तैयार मल्टी एजेंसी सेंटर (मैक) की तर्ज पर ड्रग्स तस्करी के मामले से निपटने के लिए नार्को कोआर्डिनेशन सेंटर (एनकोर्ड) बनाया गया है। इसके साथ ही ड्रग्स के बड़े मामलों की उच्च स्तरीय निगरानी के लिए सिम्स (सीजर इन्फार्मेशन मैनेजमेंट सिस्टम) भी बनाया गया है।



### ऐसे मिलेगी कामयाबी

गृह मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल और निगरानी प्रणाली ड्रग्स तस्करी का पता लगाने में कारगर साबित हो रही है। इसकी मदद से आतंकी गतिविधियों की तरह ड्रग्स तस्करी पर भी नकेल कसने में कामयाबी मिलेगी।

### ऐसे होता है रियल टाइम इनपुट का आदान-प्रदान

गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक वैसे तो एनकोर्ड का गठन 2016 में ही कर दिया गया था लेकिन 2019 में इसका विस्तार जिला स्तर तक किया गया। इसके तहत जिला से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर ड्रग्स तस्करी के हर मामले में एजेंसियों के बीच सूचना का रियल टाइम आदान–प्रदान सुनिश्चित किया जाता है। इस कारण एक जिले में मिली सूचना के आधार पर देश के किसी भी हिस्से में ड्रग्स तस्करों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है।

# कोरोना से मौत पर देना ही होगा मुआवजा



## सुप्रीम कोर्ट ने पीड़ितों के परिवार को 30 दिन के अंदर 50 हजार मुआवजा देने का आदेश दिया

**नई दिल्ली। कोरोना संक्रमण के कारण होने वाली मौतों पर मुआवजे का रास्ता अब साफ हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार की उस योजना को स्वीकृति दे दी है, जिसमें कोरोना से मौत पर 50 हजार का मुआवजा देने की बात कही गई थी। कोर्ट ने नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथारिटी को मुआवजे के लिए गाइडलाइंस तैयार करने का आदेश दिया है। इसके मुताबिक कोविड–19 से किसी की मौत होने पर आवेदन के 30 दिनों के भीतर मुआवजे देना होगा।**

### दूसरी योजनाओं से अलग रहेगी राशि


सुनवाई के दौरान जस्टिस एमआर शाह ने कहा कि मृतकों के परिवार को 50 हजार रुपए दिए जाएंगे। पीड़ित परिवार को स्टेट डिजास्टर रिलीफ फंड से मुआवजा दिया जाएगा। यह राशि केंद्र और राज्य की दूसरी कल्याणकारी योजनाओं से अलग रहेगी। जस्टिस शाह ने कहा कि यह आदेश फैसले की तारीख के बाद होने वाली मौतों पर भी लागू होगा।

### डेथ सर्टिफिकेट में सुधार के लिए बनेगी कमेटी

कोर्ट ने कहा कि कोई भी राज्य डेथ सर्टिफिकेट में मौत का कारण कोविड – 19 दर्ज न होने पर मुआवजा देने से इनकार नहीं कर सकता। डेथ सर्टिफिकेट में मौत के कारणों में सुधार के लिए जिले में कमेटी बनाई जाएगी। कमेटी की जानकारी अखबारों में पब्लिश करनी होगी। राज्य जल्द से जल्द हर जिले में कमिटी बनाए, जहां लोग मुआवजे की मांग कर सकें।

### राहत कार्यों में शामिल मृतकों के परिवार को भी सहायता

कोर्ट में हुई पिछली सुनवाई में केंद्र सरकार ने पीड़ित परिवारों को 50 हजार रुपए का मुआवजा देने को कहा था। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में इसके लिए हलफनामा भी दाखिल किया था। सरकार ने कहा था कि महामारी में रिलीफ ऑपरेशन के दौरान मरने वालों लोगों के परिजनों को भी यह सहायता दी जाएगी।




# भारत-चीन सीमा पर चीनी आर्मी करती है छुटमुट उल्लंघन

**ई दिल्ली ।** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के महानिदेशक संजय अरोड़ा ने सोमवार को स्वीकार किया कि चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के सैनिकों के साथ भारत-चीन सीमा पर संघर्ष होता है। उनका है कि वे भारतीय सीमा में प्रवेश करने की कोशिश करते हैं, जिसका हम उचिक जवाब देते हैं। वे कहते हैं कि समय-समय पर चीनी आर्मी द्वारा छुटमुट उल्लंघन की घटनाएं सामने आती हैं। आईटीबीपी कर्मियों द्वारा की जा रही चौथे चरण की साइकिल रैली के फ्लैग आफ कार्यक्रम के मौके पर बोलते हुए, अरोड़ा ने कहा कि बल ने 'पिछले साल अपनी तैयारियों और अपनी क्षमता को दिखाया और यह भविष्य में उसी भावना के साथ देश की सेवा करेंगे।' अगस्त के अंत में भारतीय क्षेत्र में 100 से अधिक चीनी सैनिकों के उल्लंघन के संबंध में कुछ मीडिया रिपोर्टों के बारे में पूछे जाने पर, अरोड़ा ने कहा, 'आईटीबीपी एक सीमा सुरक्षा बल है। हमारा जनादेश सीमा की अखंडता को बनाए रखना है। हमने पहले अपनी क्षमताओं को दिखाया है। आईटीबीपी की क्षमता और तैयारी संतोषजनक है। सीमा पर समय-समय पर छोटे-छोटे उल्लंघन की घटनाएं होती रहती हैं और हम उन्हें उचित जवाब देते रहते हैं।'







दैनिक मुंबई हलचल अब हर सच होगा उजागर 7

## मनपा के/वेस्ट वार्ड के अंतर्गत अंबोली के वाल्मीकि नगर में

# खुलेआम हो रहा है अवैध बांधकाम



शिकायत पत्र देने के समय की तस्वीरें




**संवाददाता**

**मुंबई।** आपको जानकारी देना चाहता हूं कि ठेकेदार फिरोज खान का अंबोली के वाल्मीकि नगर, बॉम्बे कैम्ब्रिज स्कूल के पीछे G+2, G+3 का अवैध बांधकाम जोरो शोरों से चालू है, इस अवैध निर्माण को देखकर बाकी लोगों ने भी अवैध निर्माण करने शुरु कर दिये हैं। बता दें कि जिस प्रकार अवैध निर्माण गिरने की वजह से हजारों बेगुनाहों की जान जाती है, उसी तरह से यहां पर भी मालवणी जैसा हादसा होने में और मासूमों की जान जानें में कोई कमी नहीं है, ठेकेदार फिरोज खान के ऊपर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए और इस अवैध निर्माण का जल्द से जल्द इस अवैध बांधकाम को जमीन ध्वस्त किया जाये। के/वेस्ट के सहायक अभियंता इमारत व बांधकाम और दुय्यम अभियंता ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों पर मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल से अपील है कि इन पर जल्द से जल्द कड़ी कार्रवाई की जाये और ऐसे अवैध कामों को ध्वस्त किया जाये और ठेकेदार फिरोज खान जैसे लोगों पर पुलिस एफआईआर दर्ज की जाये, और इन पर ऐसे सख्त कानून लगाये जायें ताकी फिरोज खान जैसे ठेकेदार अवैध काम करने से डरें।





शिकायत पत्र देने के बाद पूरा हुआ अवैध बांधकाम, मनपा के भ्रष्ट अधिकारियों की आंखों पर पट्टी

मनपा के/वेस्ट के भ्रष्टखोर व रिश्वतखोर अधिकारियों को जून व जुलाई में शिकायत पत्र देने के समय का फोटो आप देख सकते हैं, सिर्फ ग्राउंड पर ही अवैध काम बना हुआ है, इसी दौरान के/वेस्ट वार्ड के भ्रष्ट अधिकारियों को शिकायत में लिखा की ये अवैध तरीके से काम हो रहा है, इस पर सख्त से सख्त कार्रवाई करें और इसको जल्द से जल्द बंद किया जाये, मगर हम तो ठहरे भ्रष्टखोर व रिश्वतखोर अधिकारी पूरा अवैध बांधकाम तैयार हो चुका है इसकी आप ताजा तस्वीर उपर के चित्र में देख सकते हैं

# फिट इंडिया फ्रीडम रन कार्यक्रम का हुआ आयोजन







**मुंबई।** दिनांक 2 अक्टूबर 2021 रितु तावड़े के निर्देशन में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। फिट इंडिया फ्रीडम रन में पहुंचे महाराष्ट्र के दिग्गज नेता श्री मनोज भाई कोटक खासदार, माननीय श्री राम भाई कदम, माननीय नगर सेविका अध्यक्षता शिक्षण समिति रितु तावडे जी की पुत्री श्री मधुरा तावड़े जी, मराठा प्रतिष्ठान की अध्यक्षता और नया जोश के साथ मथुरा जी ने अपने जीवन की शुरूआत की इस कार्यक्रम के जरिए, इस कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए माननीय पंतप्रधान श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्ग को आगे बढ़ाने के लिए बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया महाराष्ट्र घाटकोपर के एरिया और वर्ली के एरिया के बच्चों ने कार्यक्रम को संबोधित करने के लिए अतिथि गण की मार्गदर्शिका में आए राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री प्रेम कुमार जी, आत्मनिर्भर राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मुकेश शर्मा जी उपाध्यक्ष रामकुमार पाल, जी, नेहरू युवा केंद्र मुंबई की ऑफिसर श्री मती डॉक्टर कविता श्रीवास्तव जी नेहरू युवा केंद्र के ऑफिसर श्री मदन गोघाटे जी नेहरू युवा केंद्र खेल मंत्रालय भारत सरकार के महाराष्ट्र और गोवा के डायरेक्टर डॉक्टर प्रकाश मनोरे साहब जी ने कार्यक्रम को संबोधित किया कार्यक्रम में उपस्थिति हुई योगा ग्रैंड मास्टर योग गुरु राधेश्याम जयसवार अंतर्राष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट और द ह्यूमन योगा फाउंडेशन के प्रेसिडेंट है, योग गुरु राधे श्याम ने अपने पूरे बच्चों को पहले से ही कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम को नई दिशा देने के लिए लगा दिया था। द ह्यूमन योगा फाउंडेशन के सभी बच्चों ने कार्यक्रम को एक नई रूप रेखा दीया, और रितु तावड़े जी के कार्यक्रम को सफल बनाने का जो बीड़ा उठाया जो योग गुरु राधेश्याम ने कार्यक्रम को सर्वश्रेष्ठ बनाने का प्रमुख भूमिका निभाने का काम जो योग गुरु राधेश्याम ने करके दिखलाया। राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री प्रेम कुमार जी ने अपने भाषण से सभी अतिथि गण और बच्चों का मन जीत लिया। और हमारे सबसे प्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यों को भी बताया प्रेम कुमार जी ने, अपने लफ्जों में प्रधानमंत्री की सभी कार्यों की विशेषता बताएं आत्मनिर्भर भारत को किस तरीके से प्रधानमंत्री आगे लेकर जा रहे हैं बहुत सारी बातें प्रेम कुमार जी ने अपने लफ्जों से बताया, प्रेम कुमार जी की जितनी तारीफ करुं उतना कम है उसके बाद खासदार श्री मनोज भाई कोटक ने अपने लफ्जों से कार्यक्रम की रूपरेखा को देखते हुए श्री माननीय जीतू तावड़े जी को बधाई दिया और कहा की रितु तावडे जी हर समय अच्छे अच्छे कार्यक्रम करते हैं उन्होंने अपने कार्यों को संभाल कर रखा है समय-समय पर कार्यक्रम करते रहते हैं ऐसे ही कार्यक्रम होते रहेंगे तो समाज के बच्चों को नई दिशा मिलेगी और फिट इंडिया फ्रीडम रन के माध्यम से सभी बच्चों में एक नया जोश देखने को मिला और रियल में इस फिट इंडिया फ्रीडम रन से सभी बच्चों ने अपनी खुशियां दिखाई और सभी लोग अपने अपने सर्टिफिकेट टीशर्ट और कैप खुशी खुशी लेकर अपने कार्यक्रम से घर गए पूरा कार्यक्रम बहुत ही सुंदर रहा, इसका पूरा श्रेय श्री रितु जी तावडे और उनकी बेटी मधुरा तावडे जी को जाता है। पूरे कार्यक्रम में मधुरा तावडे जी ने जो नया जोश बच्चों के रैलियों में दिखाने का काम किया वह काबिले तारीफ है , योग राधेश्याम और मधुरा तावड़े जी ने पूरे रैली में भारत माता की जय वंदे मातरम फिट इंडिया तो हिट इंडिया और फिट इंडिया का ढोस आधा घंटा रोज यह नारा पूरे रैली में लगाने का काम पूरी बच्चों ने करके दिखलाया। जय हिंद जय भारत।




# आरएसएस के खिलाफ बोलना जावेद अख्तर को पड़ा भारी, मुंबई में दर्ज हुई एफआईआर



**मुंबई।** संगीतकार जावेद अख्तर का विवादों से गहरा नाता है। वह अक्सर अपने बायनबाजी की वजह से विवादों में फंसते रहते हैं। एक बार फिर कुछ ऐसा ही हुआ हैं। बीते दिनों, जावेद अख्तर ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के खिलाफ कथित टिप्पणी की थी, जिसके बाद अब वह कानूनी पचड़े में फंस गए हैं। आरएसएस के खिलाफ बयानबाजी करने के चलते जावेद अख्तर पर एफआईआर दर्ज करवाई गई है। जावेद अख्तर पर सोमवार यानी 4 अक्तूबर को एफआईआर दर्ज करवाई गई। दरअसल, मुंबई के एक वकील संतोष दुबे ने जावेद अख्तर के खिलाफ मुलुंड पुलिस स्टेशन में पहली सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज करवाई है। जावेद अख्तर ने पिछले महीने अपने एक इंटरव्यू में आरएसएस के खिलाफ बयान दिया था। उन्होंने आरएसएस की तालिबान और हिंदू चरमपंथियों के बीच समांताएं बताई थीं। उनके इसी बयान के बाद अब वकील ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। वकील ने पीटीआई से कहा, 'मैंने पहले जावेद अख्तर को कानूनी नोटिस भेजा था और उनसे अपनी टिप्पणी पर माफी मांगने को कहा था, लेकिन वह ऐसा करने में विफल रहे। अब, मेरी शिकायत पर उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# हेल्प फॉर लाइफ चैरिटेबल ट्रस्ट और इंडियन पब्लिक राइट्स कमिटी की ओर से महा मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया




**संवाददाता**

**मुंबई।** हेल्प फॉर लाइफ चैरिटेबल ट्रस्ट और इंडियन पब्लिक राइट्स कमिटी की ओर से मुंबई स्थित जोगेश्वरी पूर्व में महा मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जहां ब्लड डोनेशन कैंप, आई चेकअप कैंप, मुफ्त ब्लड प्रेशर, डायबिटीज चेकअप सहित हिजामा का भी इंतजाम किया गया था। इस महा मेडिकल कैंप में भाभा हॉस्पिटल द्वारा ब्लड डोनेशन, आई चेकअप में मुंबई आई केअर और मुफ्त ब्लड प्रेशर, डायबिटीज चेकअप में राहिद डायग्नोस्टिक सेंटर का सहयोग रहा। इस महा मेडिकल कैंप में स्थानीय रहीवासियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और इसे सफल बनाया। हेल्प फॉर लाइफ चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष तौसीफ आलम, उपाध्यक्ष यासीन शेख, कोषाध्यक्ष और डॉक्टर फैजल अंसारी, उपकोषाध्यक्ष रमजान अली सहित राष्ट्रीय अखबार दै. मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद खान व कई कार्यकर्ता यहां पर उपस्थित हुए और इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जी तोड़ कोशिश की। वही इंडियन पब्लिक राइट्स कमिटी के अध्यक्ष मुबारक अटपले और उनकी टीम का भी इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बड़ा योगदान रहा। इस कार्यक्रम में स्पर्श फाउंडेशन की टीम, समाजवादी पार्टी के मुंबई प्रदेश सचिव खुशनूर अली और उनकी टीम इस कार्यक्रम में पहुंचकर सभी कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया।

## किसान आंदोलन पर सुप्रीम कोर्ट का सवाल

# हमने कृषि कानून पर रोक लगा दी, फिर सड़कों पर प्रदर्शन क्यों?

**किसान महापंचायत के वकील ने कहा कि उन्होंने किसी सड़क को अवरुद्ध नहीं किया है। इस पर पीठ ने कहा कि कानून पर रोक लगी है सरकार ने आश्वासन दिया है कि वो इसे लागू नहीं करेंगे फिर प्रदर्शन किस बात का है?**



**नई दिल्ली।** किसान महापंचायत की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि अदालत द्वारा तीन कृषि कानूनों पर रोक लगाने के बाद भी सड़कों पर प्रदर्शन क्यों हो रहे हैं। किसान महापंचायत के वकील ने कहा कि उन्होंने किसी सड़क को अवरुद्ध नहीं किया है। इस पर पीठ ने कहा कि कोई एक पक्ष अदालत पहुंच गया को प्रदर्शन का क्या मतलब है? पीठ ने कहा कि कानून पर रोक लगी है सरकार ने आश्वासन दिया है कि वो इसे लागू नहीं करेंगे फिर प्रदर्शन किस बात का है?

किसान महांपचायत की याचिका में जंतर मंतर पर सत्याग्रह की मांग की गई है। कोर्ट ने कहा कि आपने कानून की वैधता को चुनौती दी है। हम पहले वैधता पर फैसला करेंगे, प्रदर्शन का सवाल ही कहां है? अदालत ने पूछा कि जंतर मंतर पर प्रदर्शन का क्या तुक है। इस पर वकील ने कहा कि सरकार ने एक कानून लागू किया है। कोर्ट ने इस पर कहा कि आप कानून के पास आइए। आप दोनों नहीं कर सकते हैं कि कानून को भी चुनौती दें और फिर प्रदर्शन भी करें।

## अब ड्रोन से कोरोना की वैक्सीन पहुंचाने की हुई शुरूआत

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने नॉर्थ ईस्ट में आइसीएमआर के ड्रोन रिस्पांस एंड आउटरीच की शुरूआत की है। इसके तहत ड्रोन के जरिए स्वास्थ्य केंद्रों तक कोरोना वैक्सीन पहुंचाई जाएगी। इसकी खासियत बताते हुए मंडाविया ने कहा कि ड्रोन द्वारा 15 मिनट में 31 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए, बिष्णुपुर जिला अस्पताल से करंग स्वास्थ्य केंद्र लोकतक झील मणिपुर में टीकों को ले जाया गया है।

## लखीमपुर खीरी हिंसा

# अंत्येष्टि नहीं करने पर अड़े किसान 45-45 लाख रुपये मुआवजे व नौकरी पर माने



**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी में रविवार को हुई हिंसा में मारे गए चार किसानों के शव का अंतिम संस्कार न करने पर अड़े किसान अब पुलिस-प्रशासन से हुई बातचीत के बाद मान गए हैं। भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत और अन्य नेता सुबह से एडीजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार से बैठक कर रहे थे। इस बैठक में पुलिस ने किसानों की मांगों को मानने पर सहमति जताई जिसके बाद अब ा दोनों पक्षों में सुलह हो गई है।

शर्तों पर सहमति बनने के बाद भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत और एडीजी प्रशांत कुमार ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

राकेश टिकैत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि, गृहराज्य मंत्री और उनके बेटे के खिलाफ केस दर्ज हो गया है और प्रशासन ने जो समय मांगा है अगर उसके अंदर इनकी गिरफ्तारी नहीं हुई तो हम बड़ा आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं अपील करता हूं कि अब मृतकों का अंतिम संस्क ार कर दिया जाए और अगर पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं करती तो हम बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेंगे।

### ये हैं एलान

मृतक किसानों के परिजनों को 45-45 लाख रुपये दिए जाएंगे। घायल किसानों को दस लाख देने की घोषणा की गई है। मृतक किसानों के परिवार के किसी एक योग्य सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएगी। इसके साथ ही नई कमेटी का गठन किया जाएगा जो रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में मामले की जांच करेगी। एडीजी प्रशांत कुमार ने बताया है कि दोषियों के खिलाफ केस दर्ज हो गया है, जांच जारी है। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।


# देश के कई राज्यों में डेंगू और मलेरिया का कहर

## सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश से सामने आ रहे मामले

**नई दिल्ली।** कोरोना महामारी के साथ डेंगू और मलेरिया पांव पसार रहा है। देश के कई हिस्सों में डेंगू और मलेरिया का कहर जारी है। सबसे ज्यादा मामले उत्तर प्रदेश से सामने आ रहे हैं। यहां ज्यादातर जिलों में लगभग हर दिन मामले दर्ज किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन इसके लिए लगातार नए कदम उठा रहा है। इसके लिए प्रशासन आस-पास के इलाकों में गंदे नालों की साफ-सफाई करवा रहा है ताकि मच्छर पनप ना पाएं।

### लखनऊ में नहीं थम रहा डेंगू का प्रकोप

लखनऊ में डेंगू का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है। यहां रविवार को सात नए मरीज मिले हैं। वहीं 1178 घरों में लार्वा की जांच की गई। करीब दो महीने से शहर में वायरल फीवर और डेंगू के मामले दर्ज किए जा रहे हैं। इसके चलते शहर को 12 सेक्टरों में बांटा गया है। पिछले तीन वर्षों में डेंगू के हाटस्पाट रहे क्षेत्रों में अधिक ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं।




### बरेली में डेंगू और मलेरिया का कहर

बरेली में पिछले एक हफ्ते में डेंगू के मरीजों की संख्या में तेजी आई है। शनिवार को यहां डेंगू के पांच मरीज मिले हैं। इसके साथ ही मरीजों का कुल आंकड़ा 64 तक पहुंच गया है, वहीं तीन मरीजों की इलाज के दौरान मौत हो गई है। इसके अलावा मलेरिया के केस भी बढ़ रहे हैं। शनिवार को 487 लोगों की जांच की गई, जिसमें से छह में मलेरिया की पुष्टि हुई।

### फतेहाबाद में डेंगू, मलेरिया और वायरल फीवर के बढ़े मामले

हरियाणा के फतेहाबाद में डेंगू, मलेरिया और वायरल फीवर के मामलों में लगातार तेजी देखी जा रही है। नागरिक अस्पतालों और निजी अस्पतालों दोनों जगह मरीजों की संख्या बढ़ रही है। शनिवार देर शाम को यहां डेंगू के दो नए मरीज मिले हैं। जिले में अब डेंगू के इस साल 26 केस, मलेरिया के दो व चिकनगुनियां के पांच केस आए हैं।

# ऊपर से लेकर नीचे तक शीशे से बना है इंदौर का यह 'कांच मंदिर'

*इंदौर में तो वैसे कई मंदिर हैं, लेकिन यहां मौजूद कांच मंदिर सभी पर्यटकों को अपनी ओर सबसे अधिक खींचता है। मंदिरों के अलावा यहां और भी कई ऐसी जगहें हैं जिन्हें देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। तो चलिए आज हम आपको उद्योग के लिए फेमस इंदौर की कुछ अन्य खूबसूरत जगहों के बारे में बताते हैं, यह जानकारी खासतौर पर इंदौर घूमने की तैयारी में लगे लोगों के लिए है...*

**इंदौर का फेमस कांच मंदिर** - कांच मंदिर, इंदौर का एक भव्य मंदिर है। इस मंदिर की खास बात है कि इसका अंदरूनी हिस्सा पूरी तरह कांच से निर्मित है। इस मंदिर का निर्माण 20 वीं सदी के मशहूर कपास व्यापारी हुकुमचंद ने करवाया था। मंदिर के अंदर दीवारें, छत, खंभे, फर्श, दरवाजे आदि सब कुछ रंग-बिरंगे कांच से तैयार किए गए हैं। हुकुमचंद भगवान महावीर के बहुत बड़े भक्त थे, ऐसे में उन्होंने इस मंदिर को निर्माण करवाया। इस मंदिर में भगवान महावीर जी की बहुत बढ़ी मूर्त बनी हुई है।

**रजवाड़ा महल** - रजवाड़ा महल इंदौर पर्यटन के प्रमुख आकर्षणों में से एक है। यह महल राजवंश के शासकों की ऐतिहासिक हवेली है। इस महल का निर्माण लगभग 200 साल पहले हुआ था। यह महल अपनी वास्तुकला के लिए बहुत फेमस है। सात मंजिलों से बनी यह इमारत शहर के बीचों-बीच अपनी पूरी शान से खड़ी है। यह पूरा महल लकड़ी और पत्थर से निर्मित है। बड़ी - बड़ी खिड़कियां, बालकनी और गलियारे पुराने समय के इंटीरियर की याद दिलाते हैं।

**मेघदूत उपवन** - मेघदूत उपवन इंदौर के सभी पार्कों में सबसे बड़ा पार्क है। बेहद लोकप्रिय यह पार्क, स्थानीय लोगों के साथ-साथ यहां आने वाले पर्यटकों के लिए भी एक मुख्य आकर्षण का केंद्र है। छुट्टियों के दौरान यहां लोगों का आना-जाना काफी ज्यादा हो जाता है। इस पार्क में शानदार लॉन, सुंदर बगीचे, फव्वारों, सुंदर वॉटर स्प्रिंग्स और कई अन्य आकर्षण मौजूद हैं। यह पार्क शहर की भीड़ से दूर एक शांत व आरामदायक स्थल है जहां आप अपने परिवार या दोस्तों के साथ आराम से कुछ समय बिता सकते है।

**गीता भवन** - गीता भवन इंदौर की सबसे खूबसूरत संरचना में से एक है। इस मंदिर की विशेषता यह है कि यह किसी विशेष धर्म, समुदाय या जाति के लोगों का मंदिर नहीं है। यह लोगों के विश्वास को समर्पित मंदिर है। विभिन्न धर्मों को मानने वाले लोग इस मंदिर में इक्ट्ठा होते है और सारी दुनिया की सुख-शांति के लिए प्रार्थना करते हैं। इस मंदिर में आपको विभिन्न धर्मों की मूर्तियां देखने को मिलेंगी। यहां एक शानदार केंद्रीय हॉल है जहां रामायण व महाभारत जैसे महाकाव्यों की कथाओं को पेंटिंग्स के माध्यम से दशार्या गया है। यहां प्रत्येक वर्ष वार्षिक कार्यक्रम आयोजित किया जाता है जिसमें हर वर्ग को लोग आकर अपने-अपने विचार पेश करते हैं।

**कमला नेहरू पार्क** - कमला नेहरू पार्क 4000 वर्ग फुट के क्षेत्र में फैला हुआ है। इस पार्क में आपको पक्षियों और जानवरों की विभिन्न प्रजातियां देखने को मिलेंगी। पार्क में सफेद बाघ और उसके छोटे-छोटे बच्चे भी देखने को मिलेंगे, जो यहां के मुख्य आकर्षण केंद्र का काम करते हैं। इस पार्क में जाकर आप टट्टू की सवारी, हाथी की सवारी और ऊंट की सवारी का भी आनंद ले सकते हैं। पार्क के अंदर बच्चों के खेलने के लिए एक अलग से मनोरंजन क्षेत्र भी बनाया गया है। यहां पर घूमने फिरने के साथ आप और आपके बच्चों को काफी कुछ सीखने को मिलेगा।



## मुंबई हलचल राशिफल

**मेषः** परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। आय के स्रोतों में वृद्धि के योग हैं। भरपूर प्रयास करें। यात्रा से लाभ होगा।

**वृषः** फालतू खर्च पर नियंत्रण रखें। दूसरों से अपेक्षा न करें। आशंका-कुशंका के चलते कार्यक्षमता प्रभावित होगी।

**मिथुनः** थकान व कमजोरी से तनाव रहेगा। यात्रा से लाभ होगा। प्रमाद न करें। रुका हुआ पैसा मिल सकता है।

**कर्कः** कीमती वस्तुएं इधर-उधर न रखें। हानि की आशंका है। योजना फलीभूत होगी। कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी।

**सिंहः** किसी धार्मिक स्थान के दर्शन का अवसर प्राप्त हो सकता है। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। धनार्जन होगा। रुके कार्य बनेंगे।

**कन्याः** हित शत्रुओं से सावधान रहें। पीठ पीछे षड्यंत्र रच सकते हैं। वाहन, मशीनरी व अग्नि इत्यादि के प्रयोग में सावधानी रखें।

**तुलाः** राजकीय कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। नौकरी में चैन रहेगा।

**वृश्चिकः** किसी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। लेन-देन के कामों में सावधानी रखें।

**धनुः** पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। सुस्वादु व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे।

**मकरः** वाणी में हल्के व उत्तेजक शब्दों के प्रयोग से बचें। कोई बड़ी समस्या आ सकती है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**कुंभः** कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा। थोड़े प्रयास से ही काम बनेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।


**मीनः** नए संपर्क बनेंगे। समय पर सहायता प्राप्त होगी। घर में मेहमानों का आगमन होगा। अच्छी खबर प्राप्त होगी। नौकरी में चेन रहेगा। प्रसन्नता रहेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

# भारत के खूबसूरत पर्यटक स्थलों में एक है 'ऊटी'

ऊटी तमिलनाडु राज्य का एक शहर है। कर्नाटक और तमिलनाडु की सीमा पर बसा यह शहर मुख्य रूप से एक पर्वतीय स्थल (हिल स्टेशन) के रूप में जाना जाता है। यह तमिलनाडु प्रांत में नीलगिरी की पहाड़ियों में बसा हुआ एक लोकप्रिय पर्वतीय स्थल है। रोमेंटिक होने के साथ-साथ प्राचीन समुद्र तटों, हिल स्टेशनों और शानदार वन्य जीवन को खुद में समाए बैठा यह एक नामचीन शहर है। अगर आप भी गर्मियों की छुट्टियों मौज मस्ती का प्लान बना रहें हैं तो जान लीजिए ऊटी के कुछ हसीन नजारों के बारे में कुछ विस्तार से...

**ऊटी झील** - ऊटी की सैर के लिए आने वाले पर्यटक में ऊटी झील जाए बिना वहां से वापिस नहीं आते। यह झील मानव निर्मित है जो लगभग 65 एकड़ के क्षेत्र में फैली हुई है। मानसून के दौरान पहाड़ों से बहकर आने वाले पानी को एकत्रित करके इस झील का निर्माण किया गया।यहां बोटिंग की सुविधा भी उपलब्ध होने के कारण यह झील पर्यटकों के बीच लोकप्रिय है। इसके शांत जल में सैर करते हुए आप यहां की सुंदरता का आनंद उठा सकते हैं।

**डाबेट्टा चोटी** - डाबेट्टा चोटी नीलगिरी की पहाड़ियों की सबसे ऊंची चोटी है तथा कन्नड़ भाषा में इसका अर्थ बड़ा पर्वत होता है। यह पर्वत 8650 फुट ऊंचा है तथा यह ऊटी शहर से 9 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। कोटागिरी रास्ते के द्वारा यहाँ पहुंचा जा सकता है। डोडाबेट्टा चोटी से चामुंडी पहाड़ियों का स्पष्ट दृश्य देखा जा सकता है। डोडाबेट्टा की अद्वितीयता इसकी चोटी में है जो वास्तव में एक चपटा वक्र है।पर्यटन के मौसम में अर्थात अप्रैल और मई के महीनों में प्रतिदिन लगभग 3500 पर्यटक इस चोटी की सैर करने के लिए आते हैं। यहां दूरबीन के जरिए पर्यटक घाटी के दूर-दूर के दृश्य देख सकते हैं।



**लॉक डाउन** - लॉक डाउन ऊटी के पास स्थित एक प्रसिद्ध स्थान है तथा यह स्थान बहुत सुंदर होने के कारण मुख्य रूप से शूटिंग के लिए प्रसिद्ध है। ढलावदार पहाड़ियां, घास के हरे मैदान, बड़ी जगह तथा दूर दूर तक फैली हुई हरियाली आपके दिल को खुश कर देते हैं। स्वतंत्रता के पूर्व यह स्थान यूरोपीयन लोगों में बहुत लोकप्रिय था जो शिकार के लिए अक्सर यहां आया करते थे। जब स्वतंत्र भारत में जब शिकार पर प्रतिबन्ध लगा तब यह स्थान स्थानीय लोगों में एक पिकनिक स्थान के रूप में लोकप्रिय हुआ। आज जो भी व्यक्ति देश के इस भाग में आता है वह इस स्थान की सैर किये बिना जाता नहीं है। यहां गोल्फ कोर्स तथा भेड़ों का एक सरकारी फार्म भी है।

**लेंच झील** - लेंच झील नीलगिरी की पहाड़ियों में स्थित है तथा ऊटी शहर से लगभग 28 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। 19 वीं शताब्दी में यहाँ बर्फ की चट्टान के सरकने के कारण यह झील बनी थी। इसी आधार पर इसका नाम रखा गया है। झील के आसपास का क्षेत्र जादुई है। झील के आसपास की पहाड़ियां पर मैग्नोलिया (सफेद या गुलाबी रंग के फूल) सदैव खिले रहते हैं। आपको झील के आसपास अनेक पर्यटक टहलते हुए दिखाई देंगे। ट्राउट (एक प्रकार की मछली) से भरी इस झील में अनेक लोग मछली पकड़ना पसंद करते हैं। पर्यटक झील के किनारे कैंप भी लगा सकते हैं तथा अपना अधिकतम समय झील के किनारे टहलते हुए बिता सकते हैं। कुछ लोग साहसिक गतिविधियों जैसे ट्रेकिंग आदि में व्यस्त रहते हैं जबकि कुछ लोग राफ्टिंग के खेल का भी आनंद उठाते हैं।

**फ्लॉवर शो** - ऊटी में फ्लॉवर शो का भी आयोजन किया जाता है।यहां के बोटेनिकल गार्डन में फूलों की विधिन्न प्रजातियां देखने को मिलती हैं। यहां आपको विदेशी और स्वदेशी दोनों प्रकार के फूल देखने को मिल सकते हैं। इस फ्लॉवर शो के महत्व को बढ़ाने के लिए आयोजक कुछ प्रतियोगिताओं का आयोजन भी करते हैं। पूरे देश से कई प्रतिभागी इन प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं तथा उनके द्वारा लगाये गए फूल प्रदर्शन के लिए रखते हैं। विभिन्न श्रेणियों में लगभग 250 लोग इस प्रतियोगिता में भाग लेते हैं। यह शो (प्रदर्शन) दो से तीन दिन तक चलता है।



# बालों से जुड़ी हर प्रॉबल्म का हल है अलसी के बीज

फ्लैक्स सीड्स यानि की अलसी न केवल खाने के लिए अच्छा सुपरफूड है बल्कि यह आपकी त्वचा व बालों के लिए काफी अच्छा होती है। इसमें प्रोटीन,फाइबर जैसे मौक्रोन्यूट्रिएंट्स पाए जाते है जो कि आपके लिए काफी फायदेमंद होता है। इसे न केवल खाने की तरह बल्कि इसके तेल का इस्तेमाल भी आप कर सकते है। चलिए बताते है फ्लैक्स सीड्स बालों के विकास के लिए किस तरह से महत्वपूर्ण है।

**विटामिन ई** - फ्लैक्स सीड्स में पाए जाने वाला विटामिन ई बालों की लंबाई बढ़ाने में काफी मदद करते है। इसके लिए इसके तेल का इस्तेमाल किया जा सकता है। यह समय से पहले भूरे होने वाले बालों को रोक कर दिमाग को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।

**ओमेगा 3** - अलसी में पाए जाने वाला ओमेगा 3 फैटी एसिड बालों को स्वस्थ व मजबूत बनाने के साथ लचकदार बनाने में भी मदद करता हैं। इसके साथ ही यह बालों के टूटने, दो मुंहे, रुसी की समस्या को भी दूर करते है। इसके साथ रुखे व बेजान बालों में अलसी का तेल लगाने से बहुत ही जल्द फायदा मिलता है।

**खूबसूरत हेयर** - इसका तेल बालों की जड़ों को पोषण देता है जिससे बालों की गुणवत्ता बढ़ती है। इतना ही नही इससे बालों की खूबसूरती भी बढ़ती हैं।

**इस तरह तैयार करे पैक** - बालों व दिमाग को स्वस्थ रखने के लिए फैक्लस सीड्स का पैक बना कर लगा सकते हैं। इसके लिए इसमें अलसी, पानी व एलोवेरा को मिक्स करें।पानी में फ्लैक्स सीड्स को मिक्स कर उबालें। जब मिश्रण गाढ़ा हो जाए तो उस पर हल्की सफेद झाग आ जाएगी। इसे ठंडा कर मलमल के कपड़े से छान लें। इसमें एलोवेरा जल को मिक्स कर लें। इसके बाद इस मिश्रण को हफ्ते में 3 बार लगाएं। यह पैक बालों की प्रदूषण व धूल से भी सुरक्षा करेगा।

# स्किन प्रॉब्लम्स के हिसाब से यूं इस्तेमाल करें एलोवेरा फेस पैक

औषधीए गुणों से भरपूर एलोवेरा स्किन के लिए कितनी फायदेमंद है यह तो सभी जानते हैं। एलोवेरा में मौजूद एंटी-बैक्टीरियल गुण चेहरे से मुंहासे, दाग-धब्बे, डेड सेल्स हटाकर बेदाग और निखरी हुई स्किन देते हैं। आज हम आपको बताएंगे कि अपनी ब्यूटी प्रॉब्लम्स से छुटकारा पाने के लिए आप कैसे एलोवेरा जेल का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**पिंपल्स के लिए** - एलोवोरा के इस्तेमाल से आप पिंपल्स की छुट्टी कर सकती हैं। इसके लिए चेहरा फेसवॉश से धोएं। फिर एलोवेरा जेल से मसाज करके उसे कुछ देर के लिए छोड़ दें और कुछ देर बाद ताजे पानी से चेहरा धो लें।

**त्वचा को टोन करने के लिए** - त्वचा को टोन और ब्लैमिश बनाने के लिए आप होममेड एलोवेरा फेस मास्क का यूज कर सकती हैं। इस्के लिए एलोवेरा जेल और पपीता को मिक्स करके अप्लाई करें और कुछ देर के लिए छोड़ दें। इसके बाद ताजे पानी से चेहरा साफ कर लें।

**एंटी-एजिंग समस्याएं** - एलोवेरा जेल, बेसन और हल्दी को मिक्स करके 15-20 मिनट के लिए लगाएं और फिर ताजे पानी से धो लें। इससे स्किन टाइट होगी और आप एंटी-एजिंग समस्याओं से भी बचे रहें।

**दाग-धब्बे** - एलोवेरा जेल, एसेंशियल ऑयल (टी-ट्री या जोजोबा), नींबू के रस को मिक्स करें। इसे दिन में 2 बार दाग-धब्बों पर लगाएं और भी ताजे पानी से साफ कर लें। इससे स्किन माइशचराइज और नरिश होगी और दाग-धब्बे भी दूर हो जाएंगे।



**सनबर्न से छुटकारा** - सनबर्न से छुटकारा पाने के लिए एलोवेरा जेल और पुदीने के तेल को मिक्स करके रोजाना मसाज करें। इसमें मौजूद एंटी-बैक्टीरियल प्रॉप्टीज आपकी समस्या को दूर करने में मदद करेगी।

**बेस्ट मेकअप रिमूवर** - मेकअप रिमूव करने के लिए आप हार्मफुल प्रॉडक्ट्स की बजाए एलोवेरा का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए एलोवेरा जेल से मसाज करें और फिर इसे कॉटन से साफ कर लें।

**ड्राई स्किन** - इस पैक को बनाने के लिए 10 बादाम को रातभर भिगोकर रखें और सुबह इसे पीसकर पेस्ट बना लें। फिर इसमें एलोवेरा जेल मिलाएं। इस पेस्ट को चेहरे पर अप्लाई करें और 15 बाद इसे पानी से धो लें। इससे ड्राई स्किन की समस्या दूर हो जाएगी।

**झड़ते बालों की समस्या** - इसमें प्रोटियोलिटिक एंजाइम होते हैं तो स्कैल्प की मुरम्मत करके बालों को झड़ने से रोकते हैं। एलोवेरा जेल व नारियल तेल को मिक्स करके हफ्ते में कम से कम 3 बार मसाज करें। फिर माइल्ड शैंपू से बालों को धो लें। इससे आपको जल्दी फर्क देखने को मिलेगा।

# प्याज से आंखों का नहीं इन बीमारियों का भी होगा इलाज



खाने में तड़का लगाना हो या सलाद बनाना हो प्याज के बिना कुछ भी स्वाद नही लगता हैं। प्याज काटते समय चाहे आंखों में पानी आने के कारण आप इसे काटने या प्रयोग करने से मना करता होगें लेकिन प्याज काटने से आंखों में से जितना पानी निकलता है उतने ही इसके फायदे होते है। प्याज न केवल गर्मी में लू लगने से ही नही बचाता है इससे हमारे शरीर को कई तरह के फायदे भी मिलते है। चलिए बताते है आपको कि दिन में एक बार प्याज खाने से आपको क्या फायदे हो सकते हैं।

**आंखों के लिए** - प्याज काटते समय आंखों से जितना पानी निकलता है आपकी आंखों की रोशनी उतनी अच्छी रहती हैं। इतना ही नही प्याज खाने से शरीर में ग्लूटाथिओन का निर्माण होता है जो कि काला व सफेद मोतियाबिंद आदि समस्याओं से बचाता है।

**डायबिटीज** - प्याज में पाए जाने वाले क्रोमियम डायबिटीज को कंट्रोल रखने में काफी फायदेमंद होते है। इसमें सल्फर, क्वेरसेटिन, एंटीडायबिटीक गुण पाए जाते है। जो की रक्त में चीनी की मात्रा को कंट्रोल रखते है।

**कैंसर** - प्याज में क्वेरसेटिन व एंथोसायनिन के गुण पाए जाते है जो कि स्तन व पेट में होने वाले कैंसर की कोशिकाओं को मारने में मदद करते हैं। क्वेरसेटिन शरीर में एंटीऑक्सीडेंट का काम करता है जो कि शरीर को कणों से खत्म करने में मदद करते हैं। प्याज मुंह के कैंसर से भी बचाने में मदद करते है।

**पाचन तंत्र** - प्याज में फाइबर की काफी मात्रा पाई जाती है जिस कारण कब्ज व गैस की समस्या दूर रहती हैं। पाचन तंत्र सही तरीके से काम करता है। इसके साथ ही यह पेट में दर्द व कीड़े को खत्म करने में भी मदद करते है।

**मजबूत हड्डियां** - रोज दिन में एक बार प्याज खाने से हड्डियां कमजोर होना का खतरा कम हो जाता है। रिसर्च में पाया गया है कि जो महिलाएं प्रतिदिन प्याज खाती है उनकी हड्डियां दूसरी महिलाओं की तुलना में पांच प्रतिशत अधिक मजबूत होती हैं। इसके साथ ही यह ल्यूकोट्रिएन, प्रोस्टाग्लैंडिंस व हिस्टामाइन के प्रभाव को भी कम करता हैं। यह जोड़ों के दर्द को भी कम करने में मदद करता हैं।

**सूजन व एलर्जी** - इसमें पाए जाने वाले एंटीहिस्टामाइन गुण शरीर में सूजन व एलर्जी को कम करने में मदद करते हैं। खाने में प्याज खाने से साइनस की समस्या भी राहत मिलती हैं। रात के समय में कच्चा प्याज खाने से इसमें मौजूद सल्फर बलगम को बाहर निकालने में मदद करता है। प्याज का रस दांतों को खराब होने से बचाता है।

**रोग प्रतिरोधक प्रणाली** - शरीर को स्वस्थ बनाए रखने के मजबूत प्रतिरोधक प्रणाली की आवश्यकता है, इसके लिए शरीर में विटामिन सी का होना बहुत ही जरुरी होता है। प्याज में मौजूद फाइटोकेमिक्लस शरीर में विटामिन सी की कमी को पूरा करके प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाते है।

**मुंह** - ज्यादातर लोग मुंह में से बदबू आने के कारण प्याज नही खाते है लेकिन कच्चा प्याज खाना मुंह के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसमें पाए जाने वाले थायोसल्फ्रेट्स व थियोसल्फोनेट्स दांतों को खराब करने वाले बैक्टीरिया को खत्म करते हैं। इसके साथ ही यह मुंह में होने वाले कैंसर को भी रोकने में मदद करता है।

**कान में दर्द** - कान को दर्द को खत्म करने के लिए प्याज को गर्म कर उसका रस निकाल कर कान में डाल लें। इससे जल्द ही कान के दर्द से राहत मिल जाएगी।

## आईपीएल 2021: प्ले ऑफ में पहुंचने के बाद बोले विराट कोहली, कहा-

# शीर्ष दो में रहने के लिए करना होगा सुधार

शारजाह। आईपीएल 2021 का 48वां मैच रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और पंजाब की टीमों के बीच रविवार को खेला गया। शारजाह में हुए इस मैच में आरसीबी ने पंजाब पर छह रनों से रोमांचक जीत दर्ज की। इस विजय के बाद विराट की टीम ने इंडियन प्रीमियर लीग के 14वें सत्र के प्ले ऑफ में क्वालीफाई कर लिया। पंजाब किंग्स का मध्यक्रम गड़बड़ाने के बाद विराट की टीम के लिए यह मुकाबला जीतना आसान हो गया। प्ले ऑफ में पहुंचने के बाद विराट ने कहा कि टॉप दो में जगह बनाने के लिए टीम में कुछ सुधार करने की जरूरत है।



### आरसीबी ने बनाए थे 164 रन

पंजाब के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 164 रन बनाए थे। आरसीबी की तरफ से ग्लेन मैक्सवेल 57, देवदत्त पडीक्कल 40 और विराट कोहली 25 रन बनाकर टॉप स्कोरर रहे। उनके अलावा एबी डिवीलियर्स 23 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद 165 रनों का टारगेट हासिल करने उतरी पंजाब की टीम ने धुआंधार शुरूआत की। सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल और केएल राहुल ने पहले विकेट के लिए 91 रन जोड़े। इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद पंजाब का मिडिल ऑर्डर बिखर गया और टीम निर्धारित 20 ओवरों में 158 रन ही बना पाई। इस तरह आरसीबी ने यह मुकाबला 6 रनों से जीत लिया।

### विराट ने 8 जीत को बताया शानदार

स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए आरसीबी के कप्तान विराट कोहली ने कहा, यह अद्भुत है, मुझे नहीं लगता कि 2011 के बाद हमने ऐसा नहीं किया, लेकिन यह शानदार स्थिति है, 12 में से आठ मैच जीतना टीम की बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने आगे कहा, अब हमारे पास शीर्ष दो में पहुंचने के लिए दो और अवसर हैं, इससे और भी अधिक निडर होकर खेलने की प्रेरणा मिलती है। विराट के मुताबिक, किसी भी टीम के लिए पहली बाधा क्वालीफिकेशन होती है, अब भी कुछ ऐसी चीजें हैं जहां हमें सुधार करने की जरूरत है, ताकि हम उन क्षेत्रों पर काम कर सकें और शीर्ष 2 में पहुंच सकें। बता दें इससे पहले विराट की टीम जब 2011 में प्ले ऑफ में पहुंची थी तो उस समय उसके मैच बाकी थी। ऐसा ही कुछ इस बार भी हुआ है।

### कप्तान के तौर पर विराट का अंतिम साल

विराट आईपीएल के इस सीजन में आखिरी बार कप्तानी कर रहे हैं। 19 सितंबर को उन्होंने एक वीडियो जारी कर कहा था कि इस सत्र के बाद मैं आरसीबी की कप्तानी छोड़ दूंगा। उन्होंने वर्कलोड का हवाला दिया था। उनकी टीम कई बार फाइनल में पहुंचने के बाद भी आज तक आईपीएल खिताब नहीं जीत पाई है। लेकिन विराट अपनी कप्तानी में आरसीबी के लिए इस बार जरूर ट्रॉफी जीतना चाहेंगे।

## एशेज 2021: दिसंबर में होने वाली एशेज सीरीज पर संशय

# इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने कहा-इस हफ्ते मीटिंग में फैसला करेंगे



**इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने कहा है कि इस साल के अंत में होने वाली एशेज सीरीज को लेकर इसी सप्ताह फैसला किया जाएगा। बोर्ड की पूरी कोशिश है कि खिलाड़ियों को ऐसा माहौल मिले, जिसमें वो बेहतर प्रदर्शन कर सकें और यह सीरीज आगे बढ़े।**

**लंदन।** इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच इस साल के अंत में होने वाली एशेज सीरीज रद्द हे सकती है। ऑस्ट्रेलिया में क्वारंटीन के कड़े नियमों के चलते इंग्लैंड के कप्तान जो रूट यह सीरीज नहीं खेलना चाहते हैं। इसके बाद इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने कहा है कि इस हफ्ते होने वाली मीटिंग में यह सीरीज खेलने को लेकर फैसला किया जाएगा। अगर इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड यह सीरीज खेलने पर सहमत होता है तो खिलाड़ियों के चयन को लेकर भी इसी मीटिंग में फैसला लिया जाएगा। ऑस्ट्रेलिया में क्वारंटीन के नियम काफी सख्त हैं और यहां खिलाड़ियों को अपने साथ परिवार को लेकर जाने की अुमति नहीं है। इसी वजह से इंग्लैंड के खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया का दौरा करने से मना कर रहे हैं।

सोमवार की सुबह इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि टीम के खिलाड़ियों के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड के साथ भी बातचीत की जा रही है और अभी तक सकारात्मक नतीजे मिले हैं। बोर्ड ने कहा खिलाड़ियो और स्टाफ से एशेज सीरीज को लेकर बातचीत हुई है। इस सीरीज के लिए जो भी व्यवस्था की जाएगी, उसके बारे में हमने अपने खिलाड़ियों को बताया है। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड के साथ भी लगातार बातचीत हो रही है। सभी का स्वास्थ्य और सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। हमारा ध्यान इस बात पर है कि खिलाड़ियों और स्टाफ को ऐसे हालात मिलें, जिसमें वो बेहतर प्रदर्शन कर सकें और यह सीरीज आगे बढ़ सके।

### 2 दिसंबर से होनी है सीरीज

इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट कैलेंडर के अनुसार एशेज सीरीज 2 दिसंबर से शुरू होनी है, जो 18 जनवरी को समाप्त होगी। इस सीरीज में 5 टेस्ट मैच खेले जाएंगे। यह टेस्ट सीरीज आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा है और इस सीरीज में जीतने वाली टीम को टेस्ट चैंपियनशिप में काफी फायदा होगा। इसके अलावा एशेज टेस्ट सीरीज क्रिकेट की सबसे रोमांचक और अहम सीरीज में से एक है, जो ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेली जाती है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# HERITAGE BUILDERS & DEVELOPERS

CORDIALLY INVITES YOU ON LAUNCH OF OUR PROJECT

## Mariyam Heritage

**SAGAR DEVELOPER**





## AMENITIES



- WELL PLANNED 1 BHK & 2 BHK APARTMENTS
- LIFESTYLE AMENITIES DESIGNED FOR ALL AGE GROUP
- PROJECT APPROVED BY LEADING FINANCIAL INSTITUTIONS
- CONSTRUCTION WORK IN FULL SWING
- SAMPLE FLAT READY.

BOOK YOUR DREAM HOME WITH 1.76 LACS* ONWARDS AND REST ON POSSESSION.

OFFER VALID FOR LIMITED FLATS*




## CALL : 8291669848

SITE ADD: MARIYAM HERITAGE, NEXT TO SANIYA CITY, BEHIND SHALIMAR HOTEL, WALIV, VASAI ROAD (EAST).